**SET-1**

**Series BVM/4**

कोड नं.
Code No. **59/4/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***27*** *प्रश्न हैं । प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है ।*

*(ii)* *खण्ड अ में प्रश्न संख्या* ***1 – 5*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***एक*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *खण्ड ब में प्रश्न संख्या* ***6 – 10*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***दो*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *खण्ड स में प्रश्न संख्या* ***11 – 16*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***चार*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड द में प्रश्न संख्या* ***17 – 21*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***पाँच*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *खण्ड द में प्रश्न संख्या* ***21*** *मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *खण्ड य में प्रश्न संख्या* ***22 – 27*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***छः*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are compulsory. This questions paper has* ***27*** *questions in all. There are* ***five*** *sections in this question paper.*

*(ii)* *Section A contains Questions number* ***1 – 5*** *of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Section B contains Questions number* ***6 – 10*** *of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Section C contains Questions number* ***11 – 16*** *of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Section D contains Questions number* ***17 – 21*** *of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *In Section D, Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answer in your answer-book.*

*(vii)* *Section E contains Questions number* ***22 – 27*** *of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

## खण्ड अ

## SECTION A

**1.** नव अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था (एन.आई.ई.ओ.) को बनाए रखने के प्रयास, 1980 के दशक के अंत तक क्यों मंद पड़ गए ? *1*

Why did the New International Economic Order (NIEO) initiative fade away in late 1980s ?

**2.** 1989 में घटित उस घटना की पहचान कीजिए जिसके कारण 'दूसरी दुनिया' का पतन तथा शीत युद्ध की समाप्ति हुई । *1*

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में, अमरीका को छोड़कर सोवियत संघ की अर्थव्यवस्था शेष विश्व की तुलना में कहीं अधिक विकसित थी । किसी एक उदाहरण द्वारा इस कथन को प्रमाणित कीजिए । *1*

Identify the event that took place in 1989 which led to the collapse of the 'Second World' and the end of the Cold War.

**OR**

The Soviet economy was more developed than the rest of the world except for the US after the end of the Second World War. Substantiate the statement with any one example.

**3.** शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भारत – चीन संबंधों में महत्त्वपूर्ण बदलाव आया । ऐसे किसी एक बदलाव की पहचान कीजिए । *1*

**अथवा**

ब्रिटेन की पूर्व प्रधान मंत्री, मार्गरेट थैचर ने ब्रिटेन को यूरोपीय बाज़ार से अलग रखा । इस निर्णय के पीछे क्या कारण था ? *1*

Since the end of the Cold War, there have been significant changes in India – China relations. Identify any one such change.

**OR**

Britain's former Prime Minister, Margaret Thatcher kept UK out of the European market. Highlight the reason behind this decision.

**4.** भारत में किन लोगों को 'मूलवासी' कहा जाता है ? *1*

Who are considered as 'indigenous people' in India ?

**5.** "भारतीय राजनीति में दल-बदल की प्रथा को कई बार 'आया राम गया राम' की नीति के रूप में व्यक्त किया जाता है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *1*

"The practice of defection in Indian politics is many a times expressed as the policy of – 'Aya Ram Gaya Ram'." Justify the statement.

## खण्ड ब

## SECTION B

**6.** सोवियत संघ के विघटन के पश्चात्, उसके उत्तराधिकारी गणराज्य का नाम लिखिए । अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इस गणराज्य का क्या स्थान था ? *1+1=2*

Name the republic that succeeded Soviet Union after its disintegration. What was its position in the international domain ?

**7.** स्तम्भ 'A' में दी गई घटनाओं का स्तम्भ 'B' में उनसे संबंधित तिथियों से मिलान कीजिए : $\frac{1}{2} \times 4=2$

| | *स्तंभ 'A'* | | *स्तंभ 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | द्वितीय विश्व युद्ध | (i) | 1990 |
| (b) | कुवैत पर आक्रमण | (ii) | 1992 |
| (c) | बिल क्लिंटन का राष्ट्रपतित्व | (iii) | 1941 |
| (d) | पर्ल हारबर | (iv) | 1945 |

**अथवा**

निम्नलिखित घटनाओं का उचित क्रम निर्धारित कीजिए : $\frac{1}{2} \times 4==2$

(a) 'ऑपरेशन ईराकी फ्रीडम' के अंतर्गत संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा ईराक पर आक्रमण

(b) नेरोबी, केन्या और तंज़ानिया में अमरीकी दूतावासों पर बमों का फेंका जाना

(c) वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के उत्तरी तथा दक्षिणी टावरों पर हमला

(d) ईराक द्वारा कुवैत पर आक्रमण

Match the following events in Column 'A' with their corresponding dates in Column 'B' :

| | *Column 'A'* | | *Column 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | World War II | (i) | 1990 |
| (b) | Kuwait Invasion | (ii) | 1992 |
| (c) | Presidency of Bill Clinton | (iii) | 1941 |
| (d) | Pearl Harbour | (iv) | 1945 |

**OR**

Find the correct sequence of the following events :

(a) US invasion of Iraq under Operation Iraqi Freedom

(b) Bombing of the US Embassies in Nairobi, Kenya and Tanzania

(c) Attack on North and South towers of the World Trade Organisation

(d) Iraq's invasion on Kuwait

**8.** "स्वतंत्र भारत का जन्म बड़ी विकट परिस्थितियों में हुआ ।" किन्हीं दो उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । *1×2=2*

**अथवा**

"भारत के संविधान निर्माताओं ने सुनिश्चित किया कि विकास तथा कल्याण समूचे समाज का होना चाहिए न कि केवल कुछ एक वर्गों का ।" इस कथन की वैधता स्थापित करने के लिए कोई दो उपयुक्त तर्क दीजिए । *1×2=2*

"Free India was born in very difficult circumstances." Justify the statement with any two suitable arguments.

**OR**

"The Constitution framers of India ensured development and well being of the entire society and not only of some sections." Validate the statement with any two suitable arguments.

**9.** ऐसे किन्हीं दो कारकों का विश्लेषण कीजिए जो पाकिस्तान के बनने के लिए उत्तरदायी थे । *1×2=2*

**अथवा**

"पाकिस्तान बनने की बात थोड़ी आसान लगती थी, परंतु इसके बनने से कई विकट कठिनाइयाँ पैदा हुईं ।" उनमें से किन्हीं दो कठिनाइयों को स्पष्ट कीजिए । *1×2=2*

Analyse any two factors that led to the creation of Pakistan.

**OR**

"The idea of Pakistan might have appeared simple, but its creation presented many severe difficulties." Elucidate any two of them.

**10.** 1970 के दशक में संसद तथा न्यायपालिका के बीच उठे किन्हीं दो संवैधानिक मसलों को उजागर कीजिए । *1×2=2*

Highlight any two constitutional issues between the Parliament and the Judiciary during the 1970s.

## खण्ड स
## SECTION C

**11.** ऐसे किन्हीं चार कारणों का उल्लेख कीजिए जिन्होंने महाशक्तियों के लिए छोटे देशों के साथ गुट बनाना आवश्यक बना दिया । *1×4=4*

**अथवा**

भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति ने किन दो तरीकों से हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा की ? इस नीति की आलोचना के कोई दो आधार भी लिखिए । *2+2=4*

State any four reasons for which the superpowers needed smaller states as allies.

**OR**

Mention two ways in which Non-alignment policy of India served its national interests. Also write any two basis on which this policy was criticized.

**12.** संयुक्त राज्य अमरीका के सांस्कृतिक वर्चस्व की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *1×4=4*

Describe any four features of the US hegemony as a Soft Power.

**13.** दक्षिण एशिया में लोकतांत्रिक अनुभव के मिले-जुले रिकॉर्ड के बावजूद, उन देशों की जनता आज भी लोकतंत्र की आकांक्षाओं में सहभागी क्यों है ? उदाहरणों की सहायता से व्याख्या कीजिए । *4*

Despite the mixed record of democratic experience, why do the people in South Asian countries, even today, share the aspiration in favour of democracy ? Explain with the help of examples.

**14.** "संयुक्त राष्ट्र संघ में थोड़ी कमियाँ है, लेकिन इसके बिना दुनिया और भी बदहाल होगी ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ अमरीकी प्रभुत्व के विरुद्ध संतुलन बनाए रखने में असफल क्यों है ? स्पष्ट कीजिए । *4*

"The UN is an imperfect body but without it the world would be worse off." Explain the statement.

**OR**

Why can the UN not serve as a balance against the US dominance ? Explain.

**15.** समकालीन विश्व के समक्ष आने वाली पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में भारत की स्थिति को स्पष्ट कीजिए । *4*

Explain India's position on the environmental issues facing the contemporary world.

**16.** 1967 के आम चुनावों से पूर्व, भारत की आर्थिक स्थिति का आकलन कीजिए । *4*

**अथवा**

1967 के आम चुनावों को काँग्रेस पार्टी के लिए एक राजनीतिक भूकंप क्यों कहा गया ? किन्हीं चार कारणों का परीक्षण कीजिए । *1×4=4*

Assess the economic situation of India before the general elections of 1967.

**OR**

Why were the general elections of 1967 called as the political earthquake for Congress ? Examine any four reasons.

## खण्ड द

## SECTION D

**17.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आपातकाल भारतीय राजनीति का सर्वाधिक विवादास्पद प्रकरण है । इसका एक कारण है आपातकाल की घोषणा की ज़रूरत को लेकर विभिन्न दृष्टिकोणों का होना । दूसरा कारण यह है कि सरकार ने संविधान प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करके व्यावहारिक तौर पर लोकतांत्रिक कामकाज को ठप्प कर दिया था । आपातकाल के बाद शाह आयोग ने अपनी जाँच में पाया कि इस अवधि में बहुत सारी 'अति' हुई । इसके अतिरिक्त, भारत में लोकतंत्र पर अमल के लिहाज़ से आपातकाल से क्या-क्या सबक सीखे जा सकते हैं, इस पर भी अलग-अलग राय मिलती है ।

(i) आप इस तथ्य से कहाँ तक सहमत हैं कि सरकार ने लोकतांत्रिक कार्यों को भी वास्तव में निलंबित कर दिया था । कोई एक उदाहरण देकर अपने उत्तर का समर्थन कीजिए ।

(ii) भारत में लोकतंत्र को बनाए रखने के लिहाज़ से सहायक आपातकाल के किन्हीं दो पाठों को उजागर कीजिए । *3+2=5*

**अथवा**

नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सरकार ने इन घटनाओं के मद्देनजर जवाब में 'आपातकाल' की घोषणा कर दी । 25 जून, 1975 के दिन सरकार ने घोषणा की कि देश में आंतरिक गड़बड़ी की आशंका है और इस तर्क के साथ उसने संविधान के अनुच्छेद 352 को लागू कर दिया । इस अनुच्छेद के अंतर्गत प्रावधान किया गया है कि बाहरी अथवा अंदरूनी गड़बड़ी की आशंका होने पर सरकार आपातकाल लागू कर सकती है । सरकार का निर्णय था कि गंभीर संकट की घड़ी आन पड़ी है और इस वजह से आपातकाल की घोषणा ज़रूरी हो गई है । तकनीकी रूप से देखें तो ऐसा करना सरकार की शक्तियों के दायरे में था, क्योंकि हमारे संविधान में सरकार को आपातकाल की स्थिति में विशेष शक्तियाँ प्रदान की गई हैं ।

(i) सरकार को देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लिए बाध्य करने वाले गंभीर संकट का विश्लेषण कीजिए ।

(ii) आपातकाल की घोषणा होने के तुरंत बाद, सरकार को प्राप्त होने वाले किन्हीं दो संवैधानिक विशेषाधिकारों की पहचान कीजिए । *3+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Emergency is one of the most controversial episodes in Indian politics. One reason is that there are differing viewpoints about the need to declare emergency. Another reason is that using the powers given by the Constitution, the government practically suspended the democratic functioning. As the investigations by the Shah Commission after the Emergency found out, there were many 'excesses' committed during the Emergency. Finally, there are varying assessments of what the lessons of Emergency are for the practice of democracy in India.

(i) How far do you agree with the fact that during Emergency, the government practically suspended the democratic functioning also ? Give any one example to support your answer.

(ii) Highlight any two lessons of Emergency which may be helpful for the practice of democracy in India.

**OR**

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

In the light of these events, the response of the government was to declare a state of Emergency. On 25$^{th}$ June, 1975, the government declared that there was a threat of internal disturbances and therefore, it invoked Article 352 of the Constitution. Under the provision of this Article, the government could declare a state of Emergency on grounds of external threat or a threat of internal disturbances. The government decided that a grave crisis had arisen which made the proclamation of a state of Emergency necessary. Technically speaking, this was within the powers of the government, for our Constitution provides for some special powers to the government once an Emergency is declared.

(i) Analyse the grave crisis that compelled the government to impose a state of Emergency in the country.

(ii) Identify the two special constitutional powers which the government gets once Emergency is proclaimed.

**18.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हालाँकि वैश्वीकरण के लिए कोई एक कारक ज़िम्मेवार नहीं है फिर भी प्रौद्योगिकी अपने आप में एक अपरिहार्य कारण साबित हुई है । इसमें कोई शक नहीं कि टेलीग्राफ, टेलीफ़ोन और माइक्रोचिप के नवीनतम आविष्कारों ने विश्व के विभिन्न भागों के बीच संचार की क्रांति कर दिखायी है । शुरू-शुरू में जब छपाई (मुद्रण) की तकनीक आयी थी तो उसने राष्ट्रवाद की आधारशिला रखी । इसी तरह आज हम यह अपेक्षा कर सकते हैं कि प्रौद्योगिकी का प्रभाव हमारे सोचने के तरीके पर पड़ेगा । हम अपने बारे में जिस ढंग से सोचते हैं और हम सामूहिक जीवन के बारे में जिस तर्ज़ पर सोचते हैं — प्रौद्योगिकी का उस पर असर पड़ेगा ।

(i) प्रौद्योगिकी ने किस प्रकार वैश्वीकरण को सहायता प्रदान की ?

(ii) "वैश्वीकरण एक बहु-आयामी अवधारणा है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए ।

(iii) वैश्विक प्रभाव डालने वाली किन्हीं दो घटनाओं के उदाहरण दीजिए । *1+2+2=5*

**अथवा**

नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वैश्वीकरण के परिणाम हम घर में बैठे हों तब भी इसकी चपेट में होते हैं । हम जो कुछ खाते-पीते-पहनते हैं अथवा सोचते हैं – सब पर इसका असर नज़र आता है । हम जिन बातों को अपनी पसन्द कहते हैं वे बातें भी वैश्वीकरण के असर में तय होती हैं । वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभावों को देखते हुए इस भय को बल मिला है कि यह प्रक्रिया विश्व की संस्कृतियों को खतरा पहुँचाएगी । वैश्वीकरण से यह होता है क्योंकि वैश्वीकरण सांस्कृतिक समरूपता ले आता है । सांस्कृतिक समरूपता का यह अर्थ नहीं कि किसी विश्व-संस्कृति का उदय हो रहा है । विश्व-संस्कृति के नाम पर दरअसल शेष विश्व पर पश्चिमी संस्कृति लादी जा रही है । परन्तु सांस्कृतिक वैश्वीकरण के कुछ सकारात्मक पक्ष भी हैं ।

(i) सांस्कृतिक समरूपता से सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ii) "कभी-कभी बाहरी वैश्विक प्रभावों से हमारी पसंद-नापसंद का दायरा बढ़ता है तो कभी इनसे, परम्परागत सांस्कृतिक मूल्यों को छोड़े बिना, संस्कृति का परिष्कार होता है ।" इस कथन के समर्थन में कोई तीन दृष्टांत दीजिए । *2+3=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

While globalization is not caused by any single factor, technology remains a critical element. There is no doubt that the invention of the telegraph, the telephone, and the microchip in more recent times has revolutionised communication between different parts of the world. When printing initially came into being it laid the basis for the creation of nationalism. So also today, we should expect that technology will affect the way we think of our personal but also our collective lives.

(i) How has technology aided globalization ?

(ii) Globalization is a multi-dimensional concept. Justify the statement.

(iii) Give examples of any two events or happenings that have a global impact.

**OR**

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Globalization affects us in our home, in what we eat, drink, wear and indeed in what we think. It shapes what we think are our preferences. The cultural effect of globalization leads to the fear that this process poses a threat to cultures in the world. It does so, because globalization leads to the rise of a uniform culture or what is called cultural homogenisation. The rise of a uniform culture is not the emergence of a global culture. What we have in the name of a global culture is the imposition of Western culture on the rest of the world. But there are some positive aspects of cultural globalization as well.

(i) How is cultural homogenisation different from cultural heterogenisation ? Explain.

(ii) "Sometimes external global influences simply enlarge our choices or modify our culture without overwhelming the traditional system." Give three illustrations to prove the statement.

**19.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

इस आंदोलन की शुरुआत उत्तराखंड के दो-तीन गाँवों से हुई थी । इसके पीछे एक कहानी है । गाँव वालों ने वन विभाग से कहा कि खेती-बाड़ी के औज़ार बनाने के लिए हमें अंगू के पेड़ काटने की अनुमति दी जाए । वन विभाग ने अनुमति देने से इनकार कर दिया । बहरहाल, वन विभाग ने खेल-सामग्री के एक विनिर्माता को ज़मीन का यही टुकड़ा व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए आबंटित कर दिया । इससे गाँव वालों में रोष पैदा हुआ और उन्होंने सरकार के इस कदम का विरोध किया । यह विरोध बड़ी जल्दी उत्तराखंड के अन्य इलाकों में भी फैल गया । क्षेत्र की पारिस्थितिकी और आर्थिक शोषण के कहीं बड़े सवाल उठने लगे ।

(i) दिए गए अवतरण में किस जन आंदोलन की चर्चा की गई है ? इस आंदोलन का अनोखा पक्ष क्या था ?

(ii) इस आंदोलन में किन पारिस्थितिकी तथा आर्थिक शोषण के मुद्दों को उठाया गया था ?

(iii) इस आंदोलन की उपलब्धियों को उजागर कीजिए । *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The movement began in two or three villages of Uttarakhand when the forest department refused permission to the villagers to fell ash trees for making agricultural tools. However, the forest department allotted the same patch of land to a sports manufacturer for commercial use. This enraged the villagers and they protested against the move of the government. The struggle soon spread across many parts of the Uttarakhand region. Larger issues of ecological and economic exploitation of the region were raised.

(i) Identify the popular movement which is being referred to in the given passage. What was the novel aspect of this movement ?

(ii) Which issues of ecological and economic exploitation were raised in this movement ?

(iii) Highlight the achievements of this movement.

**20.** नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(i) दिया हुआ चित्र, 1991 से भारत की किस नीति से संबंधित है ?

(ii) ऊपर दिए गए चित्र में दर्शाई गई नीति के महत्त्व की व्याख्या कीजिए ।

(iii) आसियान (ए.एस.ई.ए.एन.) में भारत की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । *1+2+2=5*

Study the picture given below carefully and answer the following questions :




(i) The given image refers to which policy of India since 1991 ?

(ii) Explain the significance of this policy as shown in the image above.

(iii) Evaluate India's role in ASEAN.

*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 20 :*

(20.1) आसियान (ए.एस.ई.ए.एन.) का विस्तृत नाम क्या है ?

(20.2) आसियान (ए.एस.ई.ए.एन) में भारत की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

(20.3) अपनी आर्थिक जड़ता से उबरने के लिए चीन के लोगों ने क्या किया ? *1+2+2=5*

(20.1) What is the full form of ASEAN ?

(20.2) Evaluate India's role in ASEAN.

(20.3) What did the Chinese do to break from their economic stagnation ?

**21.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 16 पर), में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह राज्य जहाँ 1957 – 59 तक काँग्रेस पार्टी का शासन नहीं था ।

(ii) वह राज्य जहाँ भारतीय किसान यूनियन, किसानों की एक प्रख्यात संस्था थी ।

(iii) वह राज्य जहाँ नक्सलवादी आंदोलन प्रारम्भ हुआ ।

(iv) भारत का सबसे नया राज्य ।

(v) वह राज्य जहाँ दलित पैंथर्स सक्रिय थे । *1×5=5*

In the given political outline map of **India** (on page 16), five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these States on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per the following format :

| Sr. no. of the information used | Concerned Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State where the Congress Party was not in power from 1957 – 59.

(ii) The State where Bharatiya Kisan Union was a prominent organization of farmers.

(iii) The State where the Naxalite movement started.

(iv) The youngest State of India.


(v) The State where the Dalit Panthers were active.

प्रश्न सं. 21 के लिए

For question no. 21

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 21 :*

(21.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ 1957 – 59 तक, काँग्रेस पार्टी का शासन नहीं था ।

(21.2) किस राज्य में भारतीय किसान यूनियन किसानों की एक प्रख्यात संस्था थी ?

(21.3) नक्सलवादी आंदोलन भारत के किस राज्य में प्रारंभ हुआ ?

(21.4) भारत का सबसे युवा (नया) राज्य कौन-सा है ?

(21.5) दलित पैंथर्स भारत के किस राज्य में सक्रिय थे ? *1×5=5*

(21.1) Name the State where the Congress Party was not in power from 1957 – 59.

(21.2) Bharatiya Kisan Union was a prominent organization of farmers in which State ?

(21.3) In which State of India did the Naxalite Movement start ?

(21.4) Which is the youngest State of India ?

(21.5) In which State of India were the Dalit Panthers active ?

## खण्ड य

## SECTION E

**22.** विश्व के दूसरे नम्बर के सर्वाधिक शक्तिशाली देश, सोवियत संघ का विघटन अकस्मात् कैसे हो गया ? किन्हीं छह कारणों को स्पष्ट कीजिए । *1×6=6*

**अथवा**

शीत युद्ध के दौरान 'हथियारों की होड़' तथा 'अस्त्र नियंत्रण', दोनों के लिए कोई तीन-तीन कारण स्पष्ट कीजिए । *3+3=6*

Why did the Soviet Union, the second most powerful country in the world, suddenly disintegrate ? Explain any six reasons.

**OR**

Explain any three reasons each for the 'arms race' as well as the 'arms control' during the Cold War.

**23.** राष्ट्रों के समक्ष संभावित समकालीन खतरों से निपटने के लिए सहयोगमूलक सुरक्षा की आवश्यकता की व्याख्या कीजिए तथा इसमें सफलता प्राप्त करने के लिए उपाय सुझाइए। *2+4=6*

**अथवा**

भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य क्यों बनाना चाहिए ? कोई तीन तर्क दीजिए। *2×3=6*

Explain the need for cooperative security as a necessity in dealing with possible contemporary threats to the nations and suggest the methods to achieve it.

**OR**

Why should India be made a permanent member of the U.N. Security Council ? Give any three arguments.

**24.** हमारे देश में पहले दौर की लोकतांत्रिक राजनीति में, विपक्षी पार्टियों की भूमिका, जो बिल्कुल अनूठी थी, का वर्णन कीजिए। *6*

**अथवा**

हैदराबाद और मणिपुर के भारत संघ में विलय के लिए उत्तरदायी घटनाओं का वर्णन कीजिए। *3+3=6*

Describe the role of opposition parties in the first phase of democratic politics in our country which was quite unique.

**OR**

Describe the events that led to the merger of Hyderabad and Manipur with the Union of India.

**25.** भारत में नियोजित विकास हेतु किए गए प्रारम्भिक प्रयासों के किन्हीं तीन परिणामों का वर्णन कीजिए। *2×3=6*

**अथवा**

भारत द्वारा अपनाए गए मिश्रित अर्थव्यवस्था मॉडल के आलोचकों द्वारा विरोध में दिए गए किन्हीं तीन तर्कों का वर्णन कीजिए। *2×3=6*

Describe any three outcomes of early initiatives for planned development in India.

**OR**

Elaborate any three arguments given by the critics against the mixed model of economy adopted by India.

**26.** एफ्रो-एशियाई एकता को बढ़ावा देने के लिए जवाहरलाल नेहरू द्वारा किए गए प्रयासों का परीक्षण कीजिए । *6*

**अथवा**

देश और विदेश दोनों ही जगह, भारत की छवि को धक्का पहुँचाने में, 1962 के चीनी आक्रमण के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए । *3+3=6*

Examine the efforts taken by Jawaharlal Nehru for the promotion of Afro-Asian Unity.

**OR**

Evaluate the impact of the Chinese invasion of 1962 in denting India's image at home and abroad, both.

**27.** जम्मू तथा कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के किन्हीं तीन प्रावधानों को उजागर कीजिए । विशेष दर्जा दिए जाने के कारण जनता की उत्तेजना से जुड़ी किन्हीं दो विरोधी प्रतिक्रियाओं का परीक्षण भी कीजिए । *3+3=6*

**अथवा**

1980 के दशक के अंतिम वर्षों में हुए ऐसे किन्हीं तीन घटनाक्रमों का विश्लेषण कीजिए जिनका भारत की राजनीति पर गहरा (चिरस्थायी) प्रभाव पड़ा । *2×3=6*

Highlight any three provisions of Article 370 which provide a special status to the State of Jammu and Kashmir. Also examine the two opposite reactions provoked by this special status among the people.

**OR**

Analyse any three developments towards the end of 1980s that were to make a long lasting impact on the politics of India.